*इस अवसर पर 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल व डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के दौरान राहे ग्रुप, नई दिल्ली के सीईओ व निदेशक श्री मुकेश कुमार; रेडब्रिक्स रियलिटी, नोयडा के निदेशक श्री राहुल विश्नोई; इंडस टॉवर लिमि., नोयडा के प्रबन्धक श्री अंकित बाजपेई; भारती एयरटेल लिमि., गुरूग्राम के सीनियर एक्जिक्यूटिव, नेटवर्क प्लानिंग श्री गौरव वर्मा एवं प्लांट कंजर्वेशन एण्ड एग्रो-टैक्नोलॉजीज नेशनल बॉटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सीनियर टैक्निकल ऑफिसर डॉ. सुरेश कुमार शर्मा को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।*

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ "सप्तम दीक्षांत समारोह-2022" का आयोजन





-आज समाचार सेवा-

**मुरादाबाद।** 'दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अपनी गौरवशाली परंपरा को सहेजते हुए अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहने का दिन होता है। इस अवसर पर मैं उन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जो अपने अथक परिश्रम, बौद्धिक क्षमताओं एवं व्यावहारिक अनुशासन के द्वारा इस दिन की सार्थकता के साक्षी बने हैं और यह विश्वविद्यालय उन्हें पदक एवं उपाधियों से अलंकृत कर, इस दिन को आप सभी के लिए चिरस्मरणीय बना रहा है। आज का यह दीक्षांत समारोह आप सभी के लिए अनमोल, अतुलनीय और अविस्मरणीय पलों का साक्षी बनकर जीवन पर्यंत आपकी स्मृति में संचित रहे ऐसी मेरी कामना है। मैं ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई देता हूँ।'' यह उद्गार दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि व माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यू.जी.सी., नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डी.पी. सिंह ने व्यक्त किये।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के उपरान्त दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए समारोह के शुभारम्भ की घोषणा की व विद्यार्थियों को 'अखंडता की शपथ' दिलाई। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि प्रो. सिंह एवं मौजूद अन्य सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी व स्वर्ण पदक और डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या पढ़ने के साथ ही विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इसके उपरान्त कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल की अगुवाई में शंकर भवन से समारोह स्थल तक 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा' की मधुर धुन पर शैक्षणिक शोभायात्रा निकाली गई।

प्रो. सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय शिक्षण पर जोर देते हुए अनुसंधान में संलग्न रहकर, विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेता है और युवाओं के विकास के लिए प्रतिष्ठित संगठनों के साथ सहयोग करता है। प्रो. सिंह ने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे हमारे युवा देश के वो निर्माण खंड हैं, जो भविष्य में भारत की पहचान को आकार देने वाले हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का विजन है कि भारतीय नागरिकों में "भारतीय होने का गर्व, उनके विचार में, व्यवहार में और कार्यों में भी होना चाहिए, जो मानव अधिकारों, स्थायी विकास और जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हों, ताकि वे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें।"

इस अवसर पर 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल व डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के दौरान राहे ग्रुप, नई दिल्ली के सीईओ व निदेशक श्री मुकेश कुमार; रेडब्रिकस रियलिटी, नोयडा के निदेशक श्री राहुल विश्नोई; इंडस टॉवर लिमि0, नोयडा के प्रबन्धक श्री अंकित बाजपेई; भारती एयरटेल लिमि0, गुरुग्राम के सीनियर एक्जिक्यूटिव, नेटवर्क प्लानिंग श्री गौरव वर्मा एवं प्लांट कंजर्वेशन एण्ड एग्रो-टैक्नोलॉजीज् नेशनल बॉटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सीनियर टैक्निकल ऑफिसर डॉ. सुरेश कुमार शर्मा को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल, आईएफटीएम सोसायटी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, डॉ. शमा अग्रवाल, श्री अमित कोठीवाल, गवर्निंग बॉडी के सम्मानित सदस्य डॉ. जे.के. मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सुभाष चन्द माथुर एवं एक्जिक्यूटिव काउंसिल के सम्मानित सदस्य व जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के प्रो. ए.के. स्वामी, एकेडेमिक काउंसिल के सम्मानित सदस्य व आईआईटी, बीएचयू, वाराणसी के प्रो. ए.के. झा, पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रो. आर.सी.एस. मेहता, प्रो. के.के. पाण्डेय समेत मुरादाबाद जनपद के कई सम्मानित प्रशासनिक अधिकारी, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, सहित विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के निदेशक, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारीगण, अभिभावकगण, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन एच.आर. निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी द्वारा किया गया। समारोह के दौरान कोविड-19 वायरस के संक्रमण को रोकने की दृष्टि से सभी के द्वारा मास्क तथा सेनेटाइजर के प्रयोग के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णतया पालन किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत ढकिया ( मुरादाबाद )

पत्रांक: 231/न०पं०ढकिया/2022-23 दिनांक: 24-12-2022

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2022 लागू की जाती है**

नगर पंचायत ढकिया जनपद मुरादाबाद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2022 लागू करने के उददेश्य से नगर पालिका अधिनियम 1916 व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 में निहित प्राबधनों को लागू करने के उददेश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2022 बनायी गयी है। जिसका प्रकाशन समाचार पत्र दैनिक हिन्दुस्तान व दैनिक आज में 12 अक्टूबर 2022 को कराया गया था, जिस पर नियमावली प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आपत्ति एवं सुझाव कार्यालय नगर पंचायत ढकिया में चाहें गये थे, किन्तु समयावधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति एवं सुझाव कार्यालय को प्राप्त नहीं हुये हैं। नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2022 लागू की जाती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**( मुरादाबाद )**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया**
**( मुरादाबाद )**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ सप्तम दीक्षांत समारोह-2022 का आयोजन

## शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की आधारशिला व जीवन की अनमोल धरोहर होने के साथ राष्ट्र उत्थान की संवाहक होती है -प्रोफेसर डी.पी. सिंह






**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अपनी गौरवशाली परंपरा को सहेजते हुए अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहने का दिन होता है। इस अवसर पर मैं उन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जो अपने अथक परिश्रम, बौद्धिक क्षमताओं एवं व्यावहारिक अनुशासन के द्वारा इस दिन की सार्थकता के साक्षी बने हैं और यह विश्वविद्यालय उन्हें पदक एवं उपाधियों से अलंकृत कर, इस दिन को आप सभी के लिए चिरस्मरणीय बना रहा है। आज का यह दीक्षांत समारोह आप सभी के लिए अनमोल, अतुलनीय और अविस्मरणीय पलों का साक्षी बनकर जीवन पर्यंत आपकी स्मृति में संचित रहे ऐसी मेरी कामना है। मैं ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई देता हूँ। यह उद्गार दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि व माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यू.जी.सी., नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डी.पी. सिंह ने व्यक्त किये। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के उपरान्त दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए समारोह के शुभारम्भ की घोषणा की व विद्यार्थियों को अखंडता की शपथ दिलाई। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि प्रो. सिंह एवं मौजूद अन्य सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी व स्वर्ण पदक और डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या पढ़ने के साथ ही विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इसके उपरान्त कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल की अगुवाई में शंकर भवन से समारोह स्थल तक सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा की मधुर धुन पर शैक्षणिक शोभायात्रा निकाली गई। प्रो. सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय शिक्षण पर जोर देते हुए अनुसंधान में संलग्न रहकर, विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेता है और युवाओं के विकास के लिए प्रतिष्ठित संगठनों के साथ सहयोग करता है। प्रो. सिंह ने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे हमारे युवा देश के वो निर्माण खंड हैं, जो भविष्य में भारत की पहचान को आकार देने वाले हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का विजन है कि भारतीय नागरिकों में ह्यह्यभारतीय होने का गर्व, उनके विचार में, व्यवहार में और कार्यों में भी होना चाहिए, जो मानव अधिकारों, स्थायी विकास और जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हों, ताकि वे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें। इस अवसर पर 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल व डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के दौरान राहे ग्रुप, नई दिल्ली के सीईओ व निदेशक मुकेश कुमार; रेडब्रिक्स रियलिटी, नोयडा के निदेशक राहुल विश्नोई; इंडस टॉवर लिमि0, नोयडा के प्रबन्धक अंकित बाजपेई; भारती एयरटेल लिमि0, गुरूग्राम के सीनियर एक्जिक्यूटिव, नेटवर्क प्लानिंग गौरव वर्मा एवं प्लांट कंजर्वेशन एण्ड एग्रो-टैक्नोलॉजीज नेशनल बॉटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सीनियर टैक्निकल ऑफिसर डॉ. सुरेश कुमार शर्मा को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, आईएफटीएम सोसायटी की सम्मानित सदस्या मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, डॉ. शमा अग्रवाल, अमित कोठीवाल, गवर्निंग बॉडी के सम्मानित सदस्य डॉ. जे.के. मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चन्द्र माथुर एवं एक्जिक्यूटिव काउंसिल के सम्मानित सदस्य व जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के प्रो. ए.के. स्वामी, एकेडेमिक काउंसिल के सम्मानित सदस्य व आईआईटी, बीएचयू, वाराणसी के प्रो. ए.के. झा, पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रो. आर.सी.एस. मेहता, प्रो. के.के. पाण्डेय समेत मुरादाबाद जनपद के कई सम्मानित प्रशासनिक अधिकारी, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, सहित विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के निदेशक, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारीगण, अभिभावकगण, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन एच.आर. निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी द्वारा किया गया। समारोह के दौरान कोविड-19 वायरस के संक्रमण को रोकने की दृष्टि से सभी के द्वारा मास्क तथा सेनेटाइजर के प्रयोग के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णतया पालन किया गया।



अमर उजाला | amarujala.com | मुरादाबाद | रविवार, 25 दिसंबर 2022 | 7

# आईएफटीएम के दीक्षांत समारोह में बरसे मेडल

## समारोह में 77 मेधावियों को स्वर्ण पदक मिले और 68 शोधार्थियों को दी गई उपाधियां

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे हमारे युवा देश के वो निर्माण खंड हैं, जो भविष्य में आत्मनिर्भर भारत की पहचान को आकार देने वाले हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विजन है कि युवा सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें। ये बातें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार व यूजीसी नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह ने विद्यार्थियों से कहीं।

दीक्षांत समारोह में मेधावियों पर खूब मेडल बरसे। मेडल और उपाधि मुख्य अतिथि प्रो. डीपी सिंह, कुलाधिपति राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने प्रदान कीं।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शनिवार को सातवां दीक्षांत समारोह मनाया गया। कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के बाद दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की घोषणा की। विद्यार्थियों को अखंडता की शपथ दिलाई।

इस दौरान प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, आईएफटीएम सोसाइटी की सदस्य मंजू कोठीवाल, रश्मि कोठीवाल, डॉ. शमा अग्रवाल, अमित कोठीवाल, गवर्निंग बॉडी के सदस्य डॉ. जेके मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र माथुर, एक्जिक्यूटिव काउंसिल के सदस्य प्रो. एके स्वामी, प्रो. एके झा, प्रो. आरसीएस मेहता, प्रो. केके पांडेय सहित कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रो. अनुज श्रीवास्तव, प्रो. वैभव त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत सामारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अमर उजाला

- 34 छात्र और 43 छात्राओं को मिले 77 स्वर्ण पदक
- 42 छात्र व 26 छात्राओं को मिले 68 शोध डिग्री अवॉर्ड
- 2792 छात्र-छात्राओं को दी गई डिग्री

दीक्षांत सामारोह में सम्मानित शिक्षक। अमर उजाला

### पूर्व छात्रों को किया सम्मानित

मुरादाबाद। दीक्षांत समारोह में राहे ग्रुप नई दिल्ली के सीईओ व निदेशक मुकेश कुमार, रेडब्रिक्स रियलिटी नोएडा के निदेशक राहुल विश्नोई, इंडस टॉवर लिमिटेड नोएडा के प्रबंधक अंकित वाजपेयी, भारती एयरटेल लिमिटेड गुरुग्राम के सीनियर एक्जीक्यूटिव नेटवर्क प्लानिंग गौरव वर्मा, प्लांट कंजर्वेशन एंड एग्रो टेक्नोलॉजीज नेशनल बॉटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सीनियर टेक्निकल ऑफिसर डॉ. सुरेश कुमार शर्मा को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ब्यूरो

बीएससी फूड टेक्नोलॉजी में 87 फीसदी अंकों के साथ स्वर्ण पदक मिला है। भविष्य में इसी क्षेत्र में शोध कार्य करना चाहती हूं। कोरोना संक्रमण काल के बाद खाने की गुणवत्ता पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है।
– अदिति, छात्रा

मुझे बीफार्मा में 9.2 एसजीपीए के साथ स्वर्ण पदक मिला है। शुरुआत से ही बायो विषय मुझे पसंद आता था। मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हूं। वर्तमान में इसकी तरफ लोगों का रुझान भी बढ़ा है।
– तनुश्री व्यास, छात्रा

#### कैप उड़ाकर मनाया जश्न

मेधावियों ने अपने दोस्तों के साथ दीक्षांत समारोह में मिले पदकों की खुशी का इजहार किया। इस दौरान सभी ने अपनी कैप भी उड़ाईं।

24 DECEMBER

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार का आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में आगमन



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आज आयोजित हो रहे सप्तम दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यू.जी.सी, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डी.पी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत अभिभाषण देंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डी.पी. सिंह स्वर्ण पदक और उपाधियों से युवाओं को अलंकृत करेंगे। समारोह के दौरान 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | शनिवार, 24 दिसंबर 2022

# IFTM UNIVERSITY

(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010 and NAAC Accredited)

## सप्तम दीक्षान्त समारोह
## 2022
## SEVENTH CONVOCATION

**December 24, 2022 (Saturday)**

दिसम्बर 24, 2022 (शनिवार)

The Vice Chancellor, Members of Governing Body,
Executive Council and Academic Council of IFTM University, Moradabad


*Proudly Welcome*



**Chief Guest**

**Prof. D. P. Singh**

Education Advisor to Hon'ble Chief Minister of U.P.
Former Chairman, UGC, New Delhi


6 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 24 दिसंबर, 2022
IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010 and NAAC Accredited)
सप्तम दीक्षान्त समारोह
2022
SEVENTH CONVOCATION
December 24, 2022 (Saturday)
दिसम्बर 24, 2022 (शनिवार)
The Vice Chancellor, Members of Governing Body,
Executive Council and Academic Council of IFTM University, Moradabad
Proudly Welcome
Chief Guest
Prof. D. P. Singh
Education Advisor to Hon'ble Chief Minister of U.P.
Former Chairman, UGC, New Delhi


हिन्दुस्तान
मुरादाबाद
शनिवार
24 दिसंबर 2022
IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010 and NAAC Accredited)
सप्तम दीक्षान्त समारोह
2022
SEVENTH CONVOCATION
December 24, 2022 (Saturday)
दिसम्बर 24, 2022 (शनिवार)
The Vice Chancellor, Members of Governing Body,
Executive Council and Academic Council of IFTM University, Moradabad
Proudly Welcome
Chief Guest
Prof. D. P. Singh
Education Advisor to Hon'ble Chief Minister of U.P.
Former Chairman, UGC, New Delhi

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शनिवार, 24 दिसंबर 2022 04

## आईएफटीएम में आज मनेगा सप्तम दीक्षांत समारोह

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में आज सुबह 11:30 बजे से सप्तम दीक्षांत समारोह मनाया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यू.जी.सी., नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डीपी सिंह बतौर मुख्य-अतिथि मौजूद रहेंगे। समारोह के दौरान 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

## शहर में आज

- **मैच:** हैविट मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में क्रिकेट मैच सुबह 10 बजे।
- **पार्टी:** एमआईटी फर्स्ट ईयर स्टूडेंट की फ्रेशर पार्टी सुबह 10.30 बजे।
- **गोष्ठी:** स्प्रिंगफील्ड्स कालेज नया मुरादाबाद में विचार गोष्ठी सुबह 10.30 बजे।
- **उत्सव:** स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कालेज में क्रिसमस उत्सव सुबह 11 बजे।
- **समारोह:** आईएफटीएम विवि में दीक्षांत समारोह सुबह 11.30 बजे।
- **डांस:** नौसगे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में द किड्स फिएस्टा डांस इवेंट दोपहर 12 बजे।
- **प्रदर्शन:** बजरंग दल की विद्यार्थी इकाई का केजीके डिग्री कालेज में प्रदर्शन देपहर 12.45 बजे।
- **शोभायात्रा:** श्री हरि विराट संकीर्तन सम्मेलन की नगर शोभायात्रा बाजीगरान से दोपहर 3 बजे।
- **पुरस्कार:** आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण सायं 4.45 बजे।
- **कैंप:** फिलिप मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में फायर कैंप रात 9 बजे।
- **सर्विस:** ओल्ड सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च में नाइट सर्विस रात 10.30 बजे।



4 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 24 दिसंबर, 2022

# आइएफटीएम विवि के दीक्षा समारोह में 77 मेधावियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक

जासं, मुरादाबाद : आइएफटीएम विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह 24 दिसंबर शनिवार को होगा। समारोह में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यूजीसी, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। वह 2,792 छात्र-छात्राओं को उपाधि और 77 मेधावियों को स्वर्ण पदक से अलंकृत करेंगे। वहीं, समारोह में 68 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

प्रो. डीपी सिंह • जागरण

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | शनिवार, 24 दिसंबर 2022
7

## 77 मेधावियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शनिवार को सातवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा।

निदेशक जनसंपर्क एवं लीगल सेल वीपीएस राघव के अनुसार मुख्यमंत्री उप्र के शिक्षा सलाहकार एवं यूजीसी नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मेधावियों को स्वर्ण पदक और उपाधियों से सम्मानित करेंगे।

समारोह में 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 68 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएंगी। ब्यूरो

### शहर में आज

**दीक्षांत समारोह**

■ लोदीपुर : आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे से

**मूंगफली क्रिकेट मैच**

■ कटघर : हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में पारंपरिक मूंगफली क्रिकेट मैच सुबह 10 बजे

**विचार गोष्ठी**

■ नया मुरादाबाद : स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज में विचार गोष्ठी सुबह 10:30 बजे

**ज्ञापन**

■ लाइनपार : बजरंग दल विद्यार्थी इकाई द्वारा ज्ञापन केजीके पीजी कॉलेज में दोपहर 12:45 बजे

**शोभायात्रा**

■ मंडी चौक : मोहल्ला बाजीगरान से विराट नगर शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे से

**वार्षिकोत्सव**

■ बुद्धि विहार : आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव शाम 4 बजे से

मुरा

आईएफट

मुरादाबाद। आइ
समारोह मनाया
एवं यू.जी.सी.,
अतिथि मौजूद र
तथा 68 शोधार्थि

## मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार का आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में आगमन

**युग बन्धु समाचार**



मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दिनांक 24.12.2022 को आयोजित हो रहे सप्तम दीक्षांत समारोह में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यू.जी.सी., नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डी.पी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत अभिभाषण देंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डी.पी. सिंह स्वर्ण पदक और उपाधियों से युवाओं को अलंकृत करेंगे। समारोह के दौरान 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार का आईएफटीएम परिसर में आगमन आज


**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दिनांक 24.12.2022 को आयोजित हो रहे सप्तम दीक्षांत समारोह में माननीय मुख्यमंत्रीए उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं यूजीसी नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डीपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत अभिभाषण देंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डीपी सिंह स्वर्ण पदक और उपाधियों से युवाओं को अलंकृत करेंगे। समारोह के दौरान 77 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 68 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।



23 DECEMBER

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शुक्रवार, 23 दिसंबर 2022 06



आईएफटीएम में आयोजित कार्यशाला में बोलते वक्ता।

# ऑटोमेशन पर दी जानकारी

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में सिविल स्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन विद मेक्ट्रोनिक्स, डेटा एनालिटिक्स एवं डिजिटल मार्केटिंग विषयों पर कार्यशालाओं एवं सेमिनार आयोजित किए गए। वक्ताओं में शामिल आवेश भटनागर, राजेश सिंह, हिमेश सिंह ने अपने-अपने विषय पर विस्तार से जानकारी दी। केके बंसल ने आभार व्यक्त किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यूएसए की आर एण्ड डी विंग कम्पनी के सहयोग से हुआ वेबिनार का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल द्वारा मेनस्ट्रीमटेक, यूएसए की आर एण्ड डी विंग कम्पनी एलेवे 8 सोल्यूशन्स प्रा0 लि0 के सहयोग से स्वास्थ्य सेवा, दूरसंचार, कृषि और स्मार्ट शहरों के क्षेत्र में उत्पादों को विकसित करने में एआई/एमएल और आईओटी सीखने से कैसे मदद मिलती है शीर्षक पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। वेबिनार में एलेवे 8 सोल्यूशन्स प्रा0 लि0 कम्पनी के श्री डी चंद्रा बतौर मुख्य वक्ता अपने वक्तव्य में एआई/एमएल और आईओटी के महत्व पर विस्तार के साथ जानकारी दी। श्री डी चंद्रा ने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से जोड़े जाने वाले इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) उपकरणों की बढ़ती संख्या गतिशीलता और अनिश्चितता के संदर्भ में आईओटी की विषमता और जटिलता परिदृश्य को नाटकीय रूप से जटिल बनाकर कमजोरियों का परिचय कराती है। उन्होंने कहा कि मशीन लर्निंग (एमएल) क्यूओएस वृद्धि, कनेक्टिविटी और स्मार्ट अनुप्रयोगों के प्रावधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए यह वेबिनार आईओटी अनुप्रयोगों को बढ़ाने के लिए एमएल के उपयोग पर केंद्रित है। वेबिनार में ऐसे विभिन्न प्रकार के आईओटी अनुप्रयोगों जैसे कि स्मार्ट शहर, स्मार्ट होम और स्मार्ट स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिनको एमएल का उपयोग करते हुए और विकसित किया जा सकता है।

अंत में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने जानकारी दी कि यह वेबिनार अत्यंत ही प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक रहने के साथ ही विद्यार्थियों को इस वेबिनार के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल, कृषि दूरसंचार और कई अन्य क्षेत्रों में एआई/एमएल और आईओटी के अनुप्रयोगों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त हुई। वेबिनार के दौरान विश्वविद्यालय विभिन्न स्कूलों के 56 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

22 DECEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की ओर से चलाया गया प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ जागरूकता अभियान



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओह्व पर जागरुकता अभियान चलाया गया। एक्स्ट्रा क्युरिकुलर ऐक्टिविटी के तहत आयोजित इस अभियान में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के 65 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों पायती कलां एवं बारीपुर में जाकर सफाई अभियान चलाया। साथ ही साथ ग्रामीण और दुकानदारों को जागरूक कर अन्य ग्रामीणों को कपड़े व पुराने अखबार से बने थैलों का वितरण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु आयोजक टीम के सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग हर हाल में बंद होना चाहिए। इसके लिए व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाना होगा। स्कूल के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने विद्यार्थियों के इस कार्य की प्रशंसा की। अभियान के सफल के संचालन में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वपन कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर व आयोजक डॉ. उत्कर्ष त्यागी, असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती कृति श्रीनेत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आईएफटीएम में नोयडा स्थित कम्पनी साफकॉन इंडिया प्रा.लि. के सहयोग से हुआ कार्यशालाओं एवं सेमिनार्स का आयोजन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )**। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल द्वारा नोयडा स्थित कम्पनी ''साफकॉन इंडिया प्रा0 लि0'' के सहयोग से ष्सिविल स्ट्रक्चरए इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन विद मेक्ट्रोनिक्सए डेटा एनालिटिक्स एवं डिजिटल मार्केटिंग'' विषयों पर कार्यशालाओं एवं सेमिनार्स का आयोजन किया गया। सिविल स्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन विद मेक्ट्रोनिक्स विषय पर हुई कार्यशलाओं एवं डेटा एनालिटिक्स एवं डिजिटल मार्केटिंग विषयों पर हुए सेमिनार्स के दौरान साफकॉन इंडिया प्रा0 लि0 कम्पनी की ओर से आवेश भटनागर, राजेश सिंह एवं हिमेश सिंह ने अपने.अपने वक्तव्य में विद्यार्थी प्रतिभागियों को उक्त विषयों से सम्बन्धित विभिन्न अवधारणाओं, उद्योग और सिविल इंजीनियरिंग में नवीनतम रुझानों आदि के बारे में विस्तार के साथ जानकारी दी। अंत में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री केण्केण् बंसल ने कार्यशालाओं एवं सेमिनार्स के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु वक्ताओं श्री आवेश भटनागरए श्री राजेश सिंह एवं श्री हिमेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये कार्यशालाएं तथा सेमिनार्स अत्यंत ही प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक रहने के साथ ही विद्यार्थियों को इनके माध्यम से उद्योग और सिविल इंजीनियरिंग के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त हुई। कार्यशालाओं तथा सेमिनार्स में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



21 DECEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम 'नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता' में हिस्सा लेने के लिए बरेली रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को बरेली रवाना हुई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एवं कुलसचिव श्री संजीव अग्रवाल ने टीम को रवाना करते हुए टीम कोच जेपी सिंह एवं टीम के सभी बारह सदस्यों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉण् वैभव त्रिवेदी ने कहा कि 21 से 25 दिसम्बर तक चलने वाली इस नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु विश्व विद्यालय की टीम उच्च मनोबल के साथ तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय सभी खेलों को बढ़ावा देने के लिए सदैव तत्पर है तथा सभी विद्यार्थियों को खेलने की आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान खेल समन्वयक कपिल गिल एवं शंशाक कुमार समेत कई अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने हेतु बरेली रवाना

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को बरेली रवाना हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एवं कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने टीम को रवाना करते हुए टीम कोच जे.पी. सिंह एवं टीम के सभी बारह सदस्यों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कहा



कि 21 से 25 दिसम्बर तक चलने वाली इस नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय की टीम उच्च मनोबल के साथ तैयार है।

उन्होंने यह भी बताया कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय सभी खेलों को बढ़ावा देने के लिए सदैव तत्पर है तथा सभी विद्यार्थियों को खेलने की आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान खेल समन्वयक कपिल गिल एवं शंशाक कुमार समेत कई अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

अमर उजाला

amarujala.com

मुरादाबाद | बुधवार, 21 दिसंबर 2022

6

# नॉर्थ जोन इंटर विवि वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना


आईएफटीएम विश्वविद्यालय की टीम।

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बरेली रवाना हो गई है। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिता के लिए कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पांडेय एवं कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने खिलाड़ियों और टीम कोच जेपी सिंह को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान खेल समन्वयक कपिल गिल, शंशाक कुमार आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, बुधवार, 21 दिसंबर 2022 05

## आईएफटीएम की वॉलीबाल टीम बरेली रवाना

मुरादाबाद। आईएफटीएम की वॉलीबॉल टीम नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को मंगलवार को रवाना हुई। एमजेपी रुहेलखंड विवि बरेली में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग को टीम को शुभकामनाएं दीं। कुलपति, प्रो संजीव अग्रवाल, कुलसचिव, प्रो संजीव अग्रवाल, कोच, जेपी सिंह मौजूद रहे। खेल निदेशक प्रो वैभव त्रिवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता 21 से 25 दिसंबर तक चलेगी। कपिल गिल, शंशाक कुमार रहे।

## आईएफटीएम में 24 को सप्तम दीक्षांत समारोह

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे से सप्तम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। विवि कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने बताया कि विवि के विद्यार्थियों को समारोह में दीक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री, उत्तर-प्रदेश के शिक्षा सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष, यूजीसी, नई दिल्ली, प्रो. डीपी सिंह बतौर मुख्य-अतिथि मौजूद रहेंगे। विवि कुलाधिपति, राजीव कोठीवाल के साथ हीकुलपति प्रो महेंद्र प्रसाद पांडेय की मौजूदगी में शैक्षिक यात्रा निकालेगी।

20 DECEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ वर्चुअल एलुमनाई मीट कुटम्ब-3 का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के सहयोग से वर्चुअल प्रणाली के माध्यम से एलुमनाई मीट कुटम्ब-3 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों की सफलता से वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में पुरातन छात्रों द्वारा स्टार्ट-अप प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने कहा कि पुरातन छात्र विश्वविद्यालय की पहचान होते हैं तथा पुरातन विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विश्वविद्यालय हमेशा तत्पर है। साथ ही उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों से एलुमनाई एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह करने के साथ ही सामाजिक




दायित्व का निर्वहन करने में विश्वविद्यालय का सहयोग करने की अपील भी की। यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने स्कूल की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि पूर्व विद्यार्थी विश्वविद्यालय की नींव को और मजबूत करने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनेक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध करने के साथ ही कुटम्ब-1 और कुटुंब-2 की यादों को भी ताजा किया गया। कार्यक्रम के अंत में एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पूर्व विद्यार्थियों से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहने की अपील की।

इस मौके पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी ने भी सभी पुरातन विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री छवि गुप्ता ने किया तथा इस दौरान कंप्युटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री आशीष नागिला एवं असिस्टेंट प्रोफेसर श्री संजीव भारद्वाज द्वारा तकनीकी सहयोग किया गया। स्कूल के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री संजीव कुमार सिंह एलुमनाई समन्वयक रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में फैकल्टी मैम्बर्स सुश्री शिल्पी पाल, श्री नीरज कुमार, श्री अरविंद चैधरी एवं श्री अंकित अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ वर्चुअल एलुमनाई मीट 'कुटम्ब–3' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के सहयोग से वर्चुअल प्रणाली के माध्यम से एलुमनाई मीट 'कुटम्ब.3' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोण् संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों की सफलता से वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है। कुलसचिव प्रोण् अग्रवाल ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में पुरातन छात्रों द्वारा स्टार्ट.अप प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर आईयूए, के अध्यक्ष प्रोण् अनुज श्रीवास्तव ने कहा कि पुरातन छात्र विश्वविद्यालय की पहचान होते हैं तथा पुरातन विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विश्वविद्यालय हमेशा तत्पर है। साथ ही उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों से एलुमनाई एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह करने के साथ ही सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने में विश्वविद्यालय का सहयोग करने की अपील भी की। यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रोण् वैभव त्रिवेदी ने स्कूल की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि पूर्व विद्यार्थी विश्वविद्यालय की नींव को और मजबूत करने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनेक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध करने के साथ ही कुटम्ब.1 और कुटुंब.2 की यादों को भी ताजा किया गया। कार्यक्रम के अंत में एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो नवनीत वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पूर्व विद्यार्थियों से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहने की अपील की। इस मौके पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक की अपर निदेशिका प्रोण् नीलू त्रिवेदी ने भी सभी पुरातन विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री छवि गुप्ता ने किया तथा इस दौरान कंप्युटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष नागिला एवं असिस्टेंट प्रोफेसर संजीव भारद्वाज द्वारा तकनीकी सहयोग किया गया।



स्कूल के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर संजीव कुमार सिंह एलुमनाई समन्वयक रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में फैकल्टी मैम्बर्स सुश्री शिल्पी पाल नीरज कुमार अरविंद चौधरी एवं श्री अंकित अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की ओर से चलाया गया 'प्लास्टिक हटाओ-धरती बचाओ' जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ पर जागरुकता अभियान चलाया गया। एक्स्ट्रा क्युरिकुलर ऐक्टिविटी के तहत आयोजित इस अभियान में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के 65 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों पायती कलां एवं बारीपुर में जाकर सफाई अभियान चलाया। साथ ही साथ ग्रामीण और दुकानदारों को जागरूक कर अन्य ग्रामीणों को कपड़े व पुराने अखबार से बने थैलों का वितरण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु आयोजक टीम के सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग हर हाल में बंद होना चाहिए। इसके लिए व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाना होगा। स्कूल के निदेशक डा तंजील अहमद ने विद्यार्थियों के इस कार्य की प्रशंसा की। अभियान के सफल के संचालन में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ स्वपन कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर व आयोजक डा. उत्कर्ष त्यागी, असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती कृति श्रीनेत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



18 DECEMBER

# आईएफटीईएम के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया गोल्फ कार्ट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का गोल्फ कार्ट प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर उनके द्वारा निर्मित गोल्फ कार्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति कोठीवाल ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित यह गोल्फ कार्ट विश्वविद्यालय की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को हम सभी हमेशा आगे बढ़ाते रहें हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी हो चुकी है तथा इसके लिए नए उद्यमियों के प्रोजेक्ट पर युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है। इस गोल्फ कार्ट के निर्माण में मुख्य मेंटर की भूमिका निभाने वाले निदेशक, एचआर प्रो वैभव त्रिवेदी ने बताया कि बीटैक, मैकेनिकलए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इस गोल्फ कार्ट का निर्माण बाजार की तुलना में बहुत ही कम लागत में किया गया है। प्रो. त्रिवेदी ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों ने बैटरी से चलने वाली इस कार को अपनी ओर से पूर्ण परीक्षण के बाद इसके नियमित परिचालन हेतु विश्वविद्यालय को दिया है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि यह गोल्फ कार्ट 45 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चल सकती है तथा एक बार में 8 से अधिक व्यक्तियों को भ्रमण करा सकती है। यह गोल्फ कार्ट 12 वोल्ट की 4 बैटरियों तथा 1800 वॉट की मोटर के द्वारा संचालित होती है। इसकी चार्जिंग में 6 घंटे का समय लगता है जिसके उपरांत यह एक बार में 130 किलोमीटर तक चल सकती है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रोण् विशाल सक्सेना सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। इस कार के निर्माण में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रशांत कुमार आयुष सक्सेना तथा मोहम्मद जावेद की विशेष भूमिका रही। इसके अलावा विद्यार्थियों में मो. फिरासतए देवांश आर्य देव सागर एवं सरफराज हैदर तथा अन्य विद्यार्थियों का भी विशेष योगदान रहा। उद्घाटन अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो अनुज श्रीवास्तव अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अरुण कुमार मिश्रा निदेशक आईक्यूएसी प्रो राकेश कुमार यादव, निदेशक जनसंपर्क एवं लीगल वीपीएस राघव, डिप्टी





रजिस्ट्रार बिपिन तिवारी, हितेश अग्रवाल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार तरुण शर्मा समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति ने किया विद्यार्थियों द्वारा निर्मित 'गोल्फ कार्ट' का उद्घाटन



**- आज समाचार सेवा -**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का गोल्फ कार्ट प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर उनके द्वारा निर्मित गोल्फ कार्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित यह गोल्फ कार्ट विश्वविद्यालय की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को हम सभी हमेशा आगे बढ़ाते रहें हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी हो चुकी है तथा इसके लिए नए उद्यमियों के प्रोजेक्ट पर युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है। इस गोल्फ कार्ट के निर्माण में मुख्य मेंटर की भूमिका निभाने वाले निदेशक, एच.आर. प्रो. वैभव त्रिवेदी ने बताया कि बी.टैक, मैकेनिकल, फाइनल ईयर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इस गोल्फ कार्ट का निर्माण बाजार की तुलना में बहुत ही कम लागत में किया गया है। प्रो. त्रिवेदी ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों ने बैटरी से चलने वाली इस कार को अपनी ओर से पूर्ण परीक्षण के बाद इसके नियमित परिचालन हेतु विश्वविद्यालय को दिया है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि यह गोल्फ कार्ट 45 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चल सकती है तथा एक बार में 8 से अधिक व्यक्तियों को भ्रमण करा सकती है। यह गोल्फ कार्ट 12 वोल्ट की 4 बैटरियों तथा 1800 वॉट की मोटर के द्वारा संचालित होती है। इसकी चार्जिंग में 6 घंटे का समय लगता है जिसके उपरांत यह एक बार में 130 किलोमीटर तक चल सकती है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. विशाल सक्सेना सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

इस कार के निर्माण में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री प्रशांत कुमार, श्री आयुष सक्सेना तथा श्री मोहम्मद जावेद की विशेष भूमिका रही। इसके अलावा विद्यार्थियों में मो. फिरासत, देवांश आर्य देव सागर एवं सरफराज हैदर तथा अन्य विद्यार्थियों का भी विशेष योगदान रहा। उद्घाटन अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. राकेश कुमार यादव, निदेशक जनसंपर्क एवं लीगल श्री वीपीएस राघव, डिप्टी रजिस्ट्रार श्री बिपिन तिवारी, श्री हितेश अग्रवाल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार श्री तरुण शर्मा समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' के अवसर पर हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा स्कूल ऑफ साइंसेज एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के सहयोग से राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवसष् के अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा हलीमा सुभानी को प्रथम स्थानए बीण्टेक तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष के छात्र सामी उल्ला खान और कुश कुमार को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं एमएससी जूलॉजी प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा मशकूर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो0 संजीव अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को ऊर्जा के अपव्यय के प्रति जागरुक रहना चाहिए। ऊर्जा का इस्तेमाल सकारात्मक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु करना चाहिए। उन्होंने आयोजकों को इस तरह के आयोजन कार्यक्रम व आईआईसी के अध्यक्ष प्रो मनोज कुमार आईआईसी के कन्वीनर डॉ. हरप्रीत सिंह एवं आईआईसी के इन्नोवेशन एक्टिविटी



निरंतर कराते रहने की सलाह दी। इस पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता के आयोजन में स्कूल ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष प्रोण् बीके सिंह स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो विशाल सक्सेना कोऑर्डिनेटर डॉ अतानू नाग और भौतिकी के सहायक अध्यापक डा. चंद्र कुमार श्रीवास्तव का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, रविवार, 18 दिसंबर 2022 04



आईएफटीएम में ऊर्जा संरक्षण पर बने पोस्टर का अवलोकन करते शिक्षक।

# पोस्टर मेकिंग में हलीमा सुभानी प्रथम

**मुरादाबाद**। आईएफटीएम विवि में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा हलीमा सुभानी प्रथम, बी.टेक तृतीय और चतुर्थ वर्ष के सामी उल्ला खान, कुश कुमार द्वितीय एवं एमएससी, जूलॉजी प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा मशकूर तृतीय रहीं। कुलसचिव प्रो संजीव अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रो. बीके सिंह, प्रो. विशाल सक्सेना, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. अतानू नाग, डॉ. चंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा स्कूल ऑफ साइंसेज एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के सहयोग से राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा हलीमा सुभानी को प्रथम स्थान, बी.टेक तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष के छात्र सामी उल्ला खान और कुश कुमार को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं एम.एससी, जूलॉजी प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा मशकूर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



विजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को ऊर्जा के अपव्यय के प्रति जागरुक रहना चाहिए। ऊर्जा का इस्तेमाल सकारात्मक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु करना चाहिए। उन्होंने आयोजकों को इस तरह के आयोजन निरंतर कराते रहने की सलाह दी। इस पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता के आयोजन में स्कूल ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष प्रो. बी. के. सिंह, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. विशाल सक्सेना, कार्यक्रम व आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, आईआईसी के कन्वीनर डॉ. हरप्रीत सिंह एवं आईआईसी के इन्नोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग और भौतिकी के सहायक अध्यापक डॉ. चंद्र कुमार श्रीवास्तव का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

**17 DECEMBER**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया विद्यार्थियों द्वारा निर्मित गोल्फ कार्ट का उद्घाटन





**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का गोल्फ कार्ट प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर उनके द्वारा निर्मित गोल्फ कार्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति कोठीवाल ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित यह गोल्फ कार्ट विश्वविद्यालय की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को हम सभी हमेशा आगे बढ़ाते रहें हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी हो चुकी है तथा इसके लिए नए उद्यमियों के प्रोजेक्ट पर युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है। इस गोल्फ कार्ट के निर्माण में मुख्य मेंटर की भूमिका निभाने वाले निदेशक, एच.आर. प्रो. वैभव त्रिवेदी ने बताया कि बी.टैक, मैकेनिकल, फाइनल ईयर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इस गोल्फ कार्ट का निर्माण बाजार की तुलना में बहुत ही कम लागत में किया गया है। प्रो. त्रिवेदी ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों ने बैटरी से चलने वाली इस कार को अपनी ओर से पूर्ण परीक्षण के बाद इसके नियमित परिचालन हेतु विश्वविद्यालय को दिया है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि यह गोल्फ कार्ट 45 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चल सकती है तथा एक बार में 8 से अधिक व्यक्तियों को भ्रमण करा सकती है। यह गोल्फ कार्ट 12 वोल्ट की 4 बैटरियों तथा 1800 वॉट की मोटर के द्वारा संचालित होती है। इसकी चार्जिंग में 6 घंटे का समय लगता है जिसके उपरांत यह एक बार में 130 किलोमीटर तक चल सकती है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. विशाल सक्सेना सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। इस कार के निर्माण में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रशांत कुमार, आयुष सक्सेना तथा मोहम्मद जावेद की विशेष भूमिका रही।

इसके अलावा विद्यार्थियों में मो. फिरासत, देवांश आर्य देव सागर एवं सरफराज हैदर तथा अन्य विद्यार्थियों का भी विशेष योगदान रहा। उद्घाटन अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. राकेश कुमार यादव, निदेशक जनसंपर्क एवं लीगल वीपीएस राघव, डिप्टी रजिस्ट्रार बिपिन तिवारी, हितेश अग्रवाल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार तरुण शर्मा समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान
मुरादाबाद, शनिवार, 17 दिसंबर 2022 04

# विद्यार्थियों ने बनाई गोल्फ कार्ट

मुरादाबाद। आईएफटीएम के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गोल्फ कार्ट का उद्घाटन किया। कुलपति प्रो महेंद्र प्रसाद पांडेय ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा।

गोल्फ कार्ट के निर्माण में मुख्य मेंटर, प्रो वैभव त्रिवेदी ने बताया कि गोल्फ कार्ट का निर्माण बाजार की तुलना में बहुत ही कम लागत में किया गया है। गोल्फ कार्ट 45 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चल सकती है। एक बार में 8 से अधिक व्यक्तियों को भ्रमण करा सकती है। यह गोल्फ कार्ट 12 वोल्ट की 4 बैटरियों तथा 1800 वॉट की मोटर द्वारा संचालित होती है। इसकी चार्जिंग में 6 घंटे का समय लगता है जिसके बाद यह एक बार में 130 किलोमीटर तक चल सकती है। प्रो. विशाल सक्सेना, प्रशांत कुमार, आयुष सक्सेना, मोहम्मद जावेद आदि ने सराहना की।



छात्रों द्वारा बनाई गई गोल्फ कार्ट में सवारी करते आईएफटीएम के अधिकारी।

4 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 17 दिसंबर, 2022

## आइएफटीएम में गोल्फ कोर्ट का उद्घाटन

मुरादाबाद : आइएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया विद्यार्थियों द्वारा निर्मित 'गोल्फ कोर्ट' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति कोठीवाल ने कहा कि गोल्फ कार्ट विश्वविद्यालय की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाएंगे। निदेशक, एच.आर. प्रो. वैभव त्रिवेदी ने बताया कि बी.टेक, मैकेनिकल, फाइनल ईयर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इस गोल्फ कोर्ट का निर्माण बाजार की तुलना में बहुत ही कम लागत में किया गया है। इस मौके अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, निदेशक आइक्यूएसी प्रो. राकेश कुमार यादव, निदेशक जनसंपर्क एवं लीगल वीपीएस राघव, डिप्टी रजिस्ट्रार बिपिन तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे। जासं

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | शनिवार, 17 दिसंबर 2022
6

उद्घाटन

विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को हम हमेशा आगे बढ़ाते हैं

# आईएफटीएम में विद्यार्थियों ने बनाया गोल्फ कार्ट

संवाद न्यूज एजेंसी



मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल विद्यार्थियों द्वारा निर्मित गोल्फ कार्ट (गोल्फ के मैदान में प्रयोग होने वाला वाहन) का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कुलपति महेंद्र प्रसाद पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट को हम हमेशा आगे बढ़ाते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी हो चुकी है। इसके लिए नए उद्यमियों के प्रोजेक्ट पर कार्य हो रहा है। गोल्फ कार्ट के निर्माण में मुख्य मेंटर रहे निदेशक एचआर वैभव त्रिवेदी ने बताया कि बीटेक, मैकेनिकल, अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने गोल्फ कार्ट का निर्माण बाजार की तुलना में बहुत ही कम लागत में किया है।

विद्यार्थियों ने बैटरी से चलने वाली इस कार्ट को पूर्ण परीक्षण के बाद विश्वविद्यालय को दिया है। यह 45 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चल सकती है।


एक बार में 8 से अधिक व्यक्तियों को भ्रमण करा सकती है। इसकी चार्जिंग में 6 घंटे का समय लगता है। इस मौके पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. विशाल सक्सेना, प्रशांत कुमार, आयुष सक्सेना, मोहम्मद जावेद, मो. फिरासत, देवांश आर्य, देव सागर एवं सरफराज हैदर मौजूद रहे।

16 DECEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में डेनमार्क में प्रशिक्षुता के अवसर पर हुआ एक कार्यशाला का आयोजन

युग बन्धु समाचार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के सहयोग से डेनमार्क में प्रशिक्षुता के अवसर विषय पर एक ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में जागरूकता आती हैं, जो कि भविष्य में उनका मार्ग प्रशस्त करने में उनकी सहायता करती हैं। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के पुरातन छात्र व वर्तमान में डेनमार्क की अरला फूड्स कम्पनी में प्रशिक्षु के पद पर कार्यरत श्री अभिषेक कुमार पाण्डेय मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता श्री पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार से हम विदेशों में प्रशिक्षुता करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक श्री के.के. बंसल ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रश्न पूछने के लिए उत्साहित करने के साथ ही यह भी बताया कि कृषि स्नातक विद्यार्थी किन-किन क्षेत्रों में अपना कैरियर बना सकते हैं। कार्यशाला में पुणे स्थित कंसल्टेंसी ह्यसास्वत सेठी विकास प्रतिष्ठानह्न के निदेशक महेंद्र धैब ने भी विदेशों में कृषि स्नातक के लिए प्रशिक्षुता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि किन-किन स्टेप्स को अपनाकर हम विदेशों में प्रशिक्षुता हेतु जा सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण पाल ने मुख्य वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत अभिनन्दन किया। स्कूल के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री अभय सैनी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शुक्रवार, 16 दिसंबर 2022 04

## आईएफटीएम में हुई ऑनलाइन कार्यशाला

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में डेनमार्क में प्रशिक्षुता के अवसर विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला हुई। विवि के एलुमिनाई अभिषेक कुमार पाण्डेय ने विदेशों में प्रशिक्षुता करके अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव प्राप्त करने के बारे में बताया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने विषय की महत्ता बताई। केके बंसल महेंद्र धैबर, डॉ. कृष्ण पाल आदि मौजूद रहे। संचालन अभय सैनी ने किया।

15 DECEMBER

